Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 जून, 2022

BRO कैफे

रक्षा मंत्रालय ने सीमा सड़क संगठन (Border Road Organisation- BRO) के साथ सीमा सड़कों के विभिन्न मार्गों पर जल्द ही बीआरओ कैफे खोलने की अनुमति दी है। अरुणाचल प्रदेश में 19, हिमाचल प्रदेश में 7, असम में 2, लद्दाख में 14, जम्मू-कश्मीर में 12, उत्तराखंड में 11 और राजस्थान में 5 बीआरओ कैफे स्थापित किये जाएंगे। इसके अलावा सिक्किम, पश्चिम बंगाल, नगालैंड, पंजाब और मणिपुर में सड़क के किनारे विभिन्न सुविधाएँ स्थापित की जाएंगी। इन कैफे का उद्देश्य पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएँ और आराम प्रदान करना है। वे सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिये रोज़गार पैदा करेंगे। बीआरओ कैफे के तहत सुविधाओं में दो और चार पहिया वाहनों के लिये पार्किंग, पुरुषों, महिलाओं और विकलांगों के लिये टॉयलेट, फूड प्लाज़ा/रेस्तराँ, प्राथमिक चिकित्सा कक्ष आदि शामिल हैं। लाइसेंसधारियों का चयन प्रतिस्पर्द्धी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

भारत-NCAP

24 जून, 2022 को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने भारत के लिये सुरक्षित कारों को लाने हेतु भारत NCAP (New Car Assessment Program) शुरू करने हेतु GSR अधिसूचना के मसौदे को मंज़ूरी दी। न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (NCAP) एक तंत्र प्रदान करता है, जिसमें भारत में ऑटोमोबाइल को क्रैश टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर 'स्टार रेटिंग' दी जाएगी। यह प्रोग्राम एक उपभोक्ता-केंद्रित प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा और ग्राहकों को स्टार-रेटिंग के आधार पर सुरक्षित कारों का उपयोग करने की अनुमति देगा। यह सुरक्षित वाहनों के निर्माण के लिये देश भर में मूल उपकरण निर्माताओं (OEM) के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के अनुसार, भारत में कारों की स्टार रेटिंग, क्रैश परीक्षणों के आधार पर कारों में संरचनात्मक तथा यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है। यह भारतीय ऑटोमोबाइल की निर्यात क्षमता बढ़ाने में भी मदद करेगा। यह कार्यक्रम भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही भारत को दुनिया भर में शीर्ष ऑटोमोबाइल हब बना देगा।

वैश्विक बुनियादी ढाँचा कार्यक्रमों की घोषणा

हाल ही में G7 समूह द्वारा निर्धन देशों के लिये 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वैश्विक बुनियादी ढाँचा कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। इस कदम का उद्देश्य चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के साथ प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना है। वर्ष 2022 से वर्ष 2027 तक अमेरिकी सरकार एवं उसके सहयोगी देश 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आँकड़े को छूने का प्रयास करेंगे। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (Belt and Road Initiative- BRI) को औपचारिक रूप से वन बेल्ट वन रोड पहल के रूप में जाना जाता है। यह एक वैश्विक बुनियादी ढाँचा विकास रणनीति है, जिसे चीन द्वारा वर्ष 2013 में शुरू किया गया था। इसके तहत चीन ने लगभग 70 देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में निवेश करने की योजना बनाई। यह परियोजना चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की विदेश नीति का केंद्रबिंदु है। मार्च 2022 तक 146 देशों द्वारा BRI पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-june-2022